Training & Placement Cell
Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date : 7th April, 2023

MP PSC announced details for Main Examination 2019

पीएससी • अगले माह रिजल्ट भी देने की तैयारी, उसके बाद इंटरव्यू का शेड्यूल जारी होगा

राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2019 : एडमिट कार्ड 10 से मिलेंगे, 15 से 20 अप्रैल तक 10 शहरों में होगी

भास्कर संवाददाता | इंदौर

एमपी पीएससी की राज्य सेवा-2019 की स्पेशल मुख्य परीक्षा के एडमिट कार्ड 10 अप्रैल को जारी होंगे। छात्र ऑनलाइन डाउनलोड कर सकेंगे। परीक्षा की तैयारी भी शुरू हो गई है। दस शहरों में परीक्षा केंद्र बनाए जा रहे हैं। इनकी सूची भी जारी होने वाली है। इस स्पेशल परीक्षा में कुल 2700 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा 15 अप्रैल से शुरू होगी और 20 तक चलेंगी। लंबे इंतजार के बाद हो रही इस परीक्षा के लिए इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, सागर, बड़वानी, रतलाम, शहडोल, छिंदवाड़ा, सतना में सेंटर बनाए जा रहे हैं। पीएससी के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. रवींद्र पंचभाई का कहना है कि 10 को एडमिट कार्ड जारी होंगे। 10 शहरों में परीक्षा होगी। पूरी तैयारी कर ली गई है।

किस दिन कौन से विषय का परचा?

15 अप्रैल को सामान्य अध्ययन-1 परचा होगा। इसका समय सुबह 10 से 1 बजे तक रहेगा। 16 अप्रैल को सामान्य अध्ययन- 2 विषय का परचा होगा। इसका समय भी सुबह 10 से 1 बजे तक रहेगा। 17 अप्रैल को सामान्य अध्ययन- 3 और 18 अप्रैल को सामान्य अध्ययन- 4 परचा होगा। इनका समय भी सुबह 10 से 1 बजे तक होगा। 19 अप्रैल को सामान्य हिंदी विषय का परचा होगा। इसका समय भी सुबह 10 से 1 रहेगा। अंतिम परचा 20 अप्रैल को हिंदी निबंध लेखन का होगा। इसका समय दो घंटे 10 से 12 बजे तक रहेगा।

जुलाई-अगस्त में हो सकते हैं इंटरव्यू

यह परीक्षा कई मायनों में बहुत अहम है, क्योंकि इस परीक्षा के खत्म होने के बाद 30 मई तक रिजल्ट जारी होने की उम्मीद है। इसके बाद इंटरव्यू के लिए प्रक्रिया शुरू होगी। संभावना है कि इसी साल जुलाई-अगस्त में इंटरव्यू भी शुरू हो सकते हैं। हालांकि इस पर अंतिम निर्णय पीएससी प्रशासन रिजल्ट जारी होने के बाद लेगा।

फ्लैशबैक... चार साल से अटकी है पीएससी की यह परीक्षा

राज्य सेवा 2019 की प्रारंभिक परीक्षा 12 जनवरी 2020 को हुई थी। मुख्य परीक्षा 2021 में 21 से 26 मार्च के बीच हो पाई। इसका रिजल्ट 1 जनवरी 2022 को आया था। फिर 1918 अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा के आधार पर इंटरव्यू के लिए चयनित किए गए। पिछले साल मार्च में उनके इंटरव्यू भी प्रस्तावित थे, लेकिन अन्य अभ्यर्थियों की याचिका पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी थी। फिर कोर्ट ने निर्णय दिया था कि प्री परीक्षा का रिजल्ट दोबारा जारी कर मुख्य परीक्षा भी दोबारा आयोजित की जाए। कोर्ट के निर्णय के बाद अब पीएससी करीब 2700 अभ्यर्थियों के लिए मुख्य परीक्षा आयोजित कर रहा है। ये वे अभ्यर्थी हैं जो 2019 की प्री-परीक्षा के रिवाइज्ड रिजल्ट के बाद मुख्य परीक्षा के लिए पात्र हुए हैं।

ANIL MISHRA
(Training & Placement Officer)